








नवभारत
इंदौर, रविवार, 29 मार्च, 2026




## एक नजर में

### 600 अंकों में से 577 अंक लाकर टॉप टेन में 5 वे नंबर पर रही काशवी सोनू कुशवाह

**खरगोन, निप्र।** काशवी सोनू कुशवाह ने क्लास 3 में कुल 600 अंकों में से 577 अंक लाकर टॉप टेन में 5 वे नंबर पर रही ,आदित्य विद्या विहार खरगोंन के समस्त स्टाफ ने बधाई दी। समस्त स्टाफ व परिजनों ने बधाई देकर बेटी के उज्जवल भविष्य की कामना की।







### नर्मदा परिक्रमा के लिए निमाड़- मालवा के कई यात्रियों ने करवाया पंजीयन



**महेश्वर, निप्र।** निमाड़ की जीवन दायिनी मां नर्मदा की खंड परिक्रमा की शुरुआत आज सुबह लगभग 5 :00 बजे से महेश्वर के नर्मदा तट तथा भगवान श्री राजराजेश्वर के दर्शन पश्चात प्रारंभ होगी विदित हो की महेश्वर की नर्मदा परिक्रमा निर्माण मालवा में प्रसिद्ध है इस यात्रा में शामिल होने के लिए निमाड़ मालवा के हजारों लोग एक दिन पूर्व ही महेश्वर के तट पर अपना डेरा डाल देते हैं जिसके तहत शनिवार की सुबह से ही कई नर्मदा परिक्रमावासी महेश्वर आ पहुंचे थे ।इस परिक्रमा का समापन हनुमान जयंती पूर्णिमा पर होगा परिक्रमा की सहयोगी संस्था माहिष्मती नर्मदा पंचकोशी पदयात्रा के द्वारा परिक्रमा वासियों का पंजीयन किया गया संस्था के प्रमुख पीके गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर में यह परिक्रमा काफी प्राचीन परिक्रमा है जो मां नर्मदा की खंड परिक्रमा के अंतर्गत लोकमान्यताओं में प्रमुखता से आती है इस परिक्रमा के दौरान मां नर्मदा के भक्त 5 दिन तक पैदल परिक्रमा करते हुए ग्राम चोली ,जालोद ,कसरावद, ढालखेड़ा तथा जल कोटा ग्राम होते हुए महेश्वर हनुमान जयंती पर पधारेंगे इस दौरान मां नर्मदा के भक्त परिक्रमा के दौरान महेश्वर के दोनों तटो के कई प्राचीन मंदिरों में स्थापित देवी देवताओं के दर्शन करते पुण्य लाभ लेते हैं।

### कल्याणक दिवस पर हुई विशेष पूजन



**सनानद, निप्र।** श्री सुपार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर में शनिवार को तीर्थंकर भगवान सुमतिनाथ स्वामी का जन्म, ज्ञान और मोक्ष कल्याणक मनाया गया। श्रद्धालुओं ने प्रात : 6 बजे पूज्य आचार्य श्री कुमुदनन्दि महाराज एव आचार्य श्री विप्रणत सागर महाराज के सानिध्य में अभिषेक, शांतिधारा नित्य पूजा के बाद भगवान सुमतिनाथ मण्डल विधान की पूजन कर निर्वाण लाडू चढ़ाकर सुख शांति की कामना की। पार्श्व ज्योति मंच के अध्यक्ष डॉ. नरेन्द्र जैन भारती ने बताया कि जैन धर्म की वर्तमान चौबीसी के पाँचवें तीर्थंकर भगवान सुमतिनाथ का जन्म अयोध्या के राजा मेघरथ और रानी मंगला के राजमहल में चैत्र शुक्ल एकादशी के दिन हुआ था। मति, श्रुत और अवधिज्ञान के धारी भगवान सुमतिनाथ ने केवलज्ञान प्राप्त करने के लिए बीस वर्ष तक तपस्या की तथा रत्नत्रय का सम्यक् ज्ञान उत्पन्न होने पर आपने भव्य प्राणियों को उपदेश देकर धर्म मार्ग पर लगाया तथा पावन सिद्धक्षेत्र सम्मेद शिखर जी से मोक्ष प्राप्त किया था ।जन्म, ज्ञान और मोक्ष कल्याणक की तिथि संयोगवश एक ही होने के कारण चैत्र शुक्ला एकादशी को आपके तीनों कल्याणक एक साथ मनाकर पूजा अर्चना कर निर्वाण लाडू चढ़ाया जाता है। जंगलेश जैन, संतोष बाकलीबाल, हेमचंद पाटोदी, कमलेश भूच, डॉ. नरेन्द्र जैन, बसंत पंचोलिया, जितेन्द्र जैन, शैलेन्द्र जैन, सतेन्द्र जैन, प्रियम जैन, नवीन भूच, उपस्थित थे। महिलाओं ने भक्ति की। शनिवार और रविवार को दो दिवसीय भगवान महावीर जयन्ती के कार्यक्रम होगे। 30 मार्च को रथयात्रा निकाली जायेगी।

### भीषण गर्मी में राहगीरों को मिली राहत, बिस्टान कूनबी पाटील कल्याण समिति ने शुरू किया 'जल मंदिर'



**बिस्टान, निप्र।** बढ़ती गर्मी और तपन को देखते हुए जनसेवा के संकल्प के साथ म.प्र. जन अभियान परिषद (खरगोन) की नवांकुर संस्था 'बिस्टान कूनबी पाटिल समाज कल्याण समिति' द्वारा एक सराहनीय पहल की गई है। समिति द्वारा आवली पेनपूर रोड पर आम जनता और राहगीरों के लिए 'जल मंदिर' (प्याऊ) का भव्य शुभारंभ किया गया। संस्था ने सेवा भाव को सर्वोपरि रखते हुए क्षेत्र के कुल पाँच प्रमुख स्थानों पर प्याऊ संचालित करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है, ताकि राहगीरों को शीतल पेयजल के लिए भटकना न पड़े।

**अतिथियों और गणमान्य जनों की उपस्थिति :-** शुक्रवार, 27 मार्च 2026 को आयोजित इस शुभारंभ अवसर पर संस्था के अध्यक्ष यशवंत पाटिल मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में समाजसेवा के प्रति उत्साह बढ़ाते हुए पार्षद राजेश पंवार , समाजसेवी हजारी लाल बघेल , राजेश मालवीय आकाश ठाकुर , शिवम् वर्मा , सुमेर सिंह दादा , परामर्शदाता अखिलेश वर्मा ने भी अपनी सहभागिता दर्ज कराई।

**क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने सराहा :-** इस अवसर पर जन अभियान परिषद के ब्लॉक प्रमुख धर्मेंद्र गुप्ता ने संस्था के कार्यों की सराहना करते हुए कहा, 'परिषद के माध्यम से नवांकुर संस्थाएं समाज की सेवा में निरंतर तत्पर हैं। भीषण गर्मी में राहगीरों के लिए शीतल जल की व्यवस्था करना एक अत्यंत पुण्य और मानवीय कार्य है, जो कि जन अभियान परिषद के सेवा भाव को चरितार्थ करता है।' वहीं, नगर परिषद बिस्टान के अध्यक्ष डेमसिंह नार्वे ने भी इस पहल को अनुकरणीय बताते हुए समिति को शुभकामनाएं दीं।

# संकल्प से समाधान अभियान : प्रशासन जनता के द्वार

## उत्कृष्ट विद्यालय में लगा जिला स्तरीय शिविर, जागरूकता के लिए नुक्कड नाटक का भी मंचन

### एक ही मंच पर कई सरकारी योजनाओं का लाभ और समस्याओं का समाधान

**नवभारत न्यूज**

**खरगोन, निप्र।** आमजन की समस्याओं के त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी निराकरण के उद्देश्य से राज्य शासन के निर्देशानुसार 'संकल्प से समाधान अभियान' के अंतर्गत 28 मार्च 2026 को शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, खरगोन में जिला स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में जिला प्रशासन के सभी विभागों की सक्रिय सहभागिता रही, जहां नागरिकों को एक ही स्थान पर विभिन्न शासकीय सेवाओं एवं कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। शिविर में राजस्व, सामाजिक न्याय, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, नगरीय निकाय, खाद्य आपूर्ति सहित सभी प्रमुख विभागों के स्टाल लगाए गए। यहां नागरिकों की समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया गया तथा विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत पात्र



हितग्राहियों को हितलाभ वितरण भी किया गया, जिससे शिविर में उत्साहपूर्ण वातावरण देखने को मिला। जनजागरूकता के उद्देश्य से नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया, जिसके माध्यम से योजनाओं, स्वास्थ्य एवं सामाजिक विषयों पर प्रभावी संदेश दिया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर जांच एवं परामर्श प्रदान किया गया। साथ ही किशोरियों एवं पात्र लाभार्थियों के लिए नि:शुल्क एचपीवी टीकाकरण भी किया गया, जिससे भविष्य में गंभीर बीमारियों से बचाव का संदेश दिया गया। उल्लेखनीय है कि अभियान के अंतर्गत 12 जनवरी से 31 मार्च 2026 तक जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से कुल 94,370 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से अधिकांश का सफलतापूर्वक निराकरण किया गया।



जिला स्तरीय शिविर के माध्यम से शेष लंबित प्रकरणों के समाधान की दिशा में भी ठोस कार्रवाई की गई। मुख्य अतिथि विधायक श्री बालकृष्ण पाटीदार ने अपने संबोधन में कहा कि यह अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सरकार और जनता के साझा संकल्प का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में यह स्पष्ट संकल्प लिया गया है कि 12 जनवरी से 31 मार्च की निर्धारित अवधि में कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और जो हितग्राही शेष रह जाएंगे, उन्हें भी योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि शिविर में सभी विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों पर लोग आवश्यकता अनुसार योजना का चयन कर पंजीयन करा सकते हैं, जिसके उपरांत पात्रता के अनुसार लाभ सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य परीक्षण, परामर्श एवं एचपीवी टीकाकरण जैसे कार्यक्रम भविष्य की बीमारियों से बचाव की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। जब व्यक्ति स्वस्थ रहेगा, तो गरीबी अपने आप दूर होगी। कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल ने अपने संबोधन में कहा कि जिले में 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं को कैंसर से बचाव के लिए नि:शुल्क एचपीवी वैक्सीनेशन जिला प्रशासन द्वारा निरंतर कराया जा रहा है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि किसी भी प्रकार के भ्रम या अफवाह से दूर रहकर अनिवार्य रूप से अपनी बालिकाओं का टीकाकरण कराएं। कलेक्टर सुश्री मित्तल ने बताया कि 01 अप्रैल से नया शैक्षणिक सत्र प्रारंभ हो रहा है, अत: सभी पालक अपने बच्चों को प्रथम दिवस से ही नियमित रूप से स्कूल भेजें। विशेष रूप से ड्रॉपआउट विद्यार्थियों पर फोकस करते हुए उन्हें पुन: शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने का आह्वान किया गया।

## जयेश का राष्ट्रीय नेटबॉल टीम में चयन

**खरगोन, निप्र।** स्थानीय संस्था प्रदर्शनी पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल, बोरावां के कक्षा 11वीं के प्रतिभाशाली छात्र जयेश पाटीदार ने अपनी अद्वितीय खेल प्रतिभा के बल पर न केवल विद्यालय, बल्कि पूरे प्रदेश और जिले का नाम गौरवान्वित किया है।

हाल ही में आयोजित राज्यस्तरीय नेटबॉल प्रतियोगिता में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन राष्ट्रीय नेटबॉल टीम में किया गया है। विगत दिनों 18 से 23 मार्च 2026 तक मंदसौर में भारतीय नेटबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में राज्यस्तरीय नेटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें प्रदेशभर से आए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इस प्रतिस्पर्धात्मक माहौल में जयेश पाटीदार ने अपने शानदार खेल कौशल, तेज़ रणनीति, फुर्ती और उत्कृष्ट टीम वर्क का परिचय देते हुए चयनकर्ताओं को प्रभावित किया।



जयेश के निरंतर बेहतरीन प्रदर्शन को देखते हुए चयन समिति ने उन्हें राष्ट्रीय टीम के लिए चयनित किया। राष्ट्रीय टीम की घोषणा भारतीय नेटबॉल एसोसिएशन के महासचिव लक्ष्मण दातिर द्वारा की गई ।अब जयेश पाटीदार आगामी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता मुजफ्फरनगर (उत्तर प्रदेश) में आयोजित होगी, जिसमें देशभर के श्रेष्ठ खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। जयेश के चयन से पूरे बोरावां एवं खरगोन जिले में गर्व और खुशी का वातावरण है। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. नितिन मिश्रा एवं समस्त स्टाफ ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि जयेश ने अपनी मेहनत, अनुशासन और समर्पण से यह मुकाम हासिल किया है।

उन्होंने विश्वास जताया कि जयेश की यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर पूर्व केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री अरुण यादव एवं संस्था के वरिष्ठ समन्वयक संजीत यादव ने भी अपने संदेश में हर्ष व्यक्त किया।

## 2 दिनी महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव आज से

**सनावद, निप्र ।** जैन धर्म के 24 वे तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का 2625 वा जन्मोत्सव चैत्र सुदी की तेरस यानी 30 मार्च सोमवार को नगर में विराजित आचार्य श्री कुमुद नंदी महाराज एवं पट्टाचार्य विप्रणत सागर जी महाराज के सानिध्य में मनाया जाएगा।

समाज प्रवक्ता सन्मति जैन काका ने बताया कि इस अवसर 2 दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन पोरवाड़ दिगंबर समाज के नवीन परिसर जैन परिसर में आयोजित किए जायेगे जिसके अंतर्गत 29 मार्च रविवार को रात्रि 8 बजे से जैन परिसर मे स्थानीय भजन मंडलियों की भजन संध्या एवं बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं बोलियों के माध्यम से बालक वर्धमान का पात्र चयन किया जायेगे। अगले दिन 30 मार्च को मुख्य दिवस पर प्रात: 7.30 श्रीजी की भव्य रथ यात्रा निकलेगी जिसमें उज्जैन के बेड,भगवान महावीर स्वामी की चलित झाकी जुलूस का विशेष आकर्षण रहेगी। जुलूस समाप्ति के पश्चात श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर में भव्य पंचामृत अभिषेक व रात्री में बालक वर्द्धमान की शोभा यात्रा व पालना झुलाने का कार्यक्रम दिगम्बर जैन परिसर पर आयोजित किये जायेंगे ।भगवान महावीर स्वामी जन्मकल्याणक समिति के संयोजक वैभव सराफ, विशाल चौधरी, कुणाल जैन, आशीष जैन ने सभी समाजजनों से सभी कार्यक्रमों में अपनी सहभागीता दर्ज करवाने की अपील की है। इसी क्रम में चांदनपुर महावीर स्वामी मंडल विधान रचाया गया। भगवान महावीर स्वामी के जन्म



कल्याणक महोत्सव के अवसर पर श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर में नगर में विराजमान द्वय आचार्य श्री कुमुद नंदी महाराज एवं पट्टाचार्य विप्रणत सागर जी महाराज के सानिध्य में प्रियकारणी महिला मंडल के द्वारा मुनि श्री हितेंद्र सागर जी महाराज द्वारा रचित चांदनपुर महावीर विधान रचाया गया जिसमें 36 अर्घ्य समर्पित किए गए । इसी क्रम में रात्रि में वर्धमान (एसोसिएशन) चौक में जैन युवा संघ परिवार के द्वारा एक शाम भगवान महावीर स्वामी ने नाम भजन संध्या का आयोजन किया गया ।

## 5 किलो 75 ग्राम गांजे के साथ तस्कर गिरफ्तार, दो खरीददार भी धराए



**खरगोन, निप्र।** पुलिस ने अवैध गांजा खरीद-फरोख्त का मामला उजागर करते हुए बेचवाल सहित खरीददार को गिरफ्तार किया है। प्रकरण में 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर 4 लाख रुपये का मश्रुका जब्त किया है।

सनावद थाना पुलिस से मिली जानकारी अनुसार 26 मार्च को निर्माणधीन इन्दौर-खण्डवा बायपास पर वाहन चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान बासवां की ओर से आ रहा बाईक सवार चेकिंग देख वापस लौटने का प्रयास करने लगा। संदेह होने पर पुलिस ने पीछा कर उसे धरदबोचा। पूछताछ में उसने अपना नाम दुलेसिंह पिता गंगाराम चौहान निवासी लछोरा भीकनगांव बताया। दुलेसिंग के पास मिले बैग को चेक करने पर उसमें 2 लाख 50 हजार रुपए कीमत का 5 किलो 75 ग्राम गांजा मिला। पूछताछ में दुलेसिंह ने ओंकारेश्वर रोड पर इनपुन पुनर्वास के रहने वाले नरेन्द्र उर्फ भय्यू पिता देवराम हिर्वे और संतोष पिता राजू वर्मा दोनों निवासी पुनर्वास सनावद को उक्त गांजा सप्लाय करने की जानकारी। इसके आधार पर पुलिस ने नरेन्द्र उर्फ भय्यू एवं संतोष के घर पर दबिश दी। दोनों को अभिरक्षा में लेकर प्रकरण दर्ज किया है।

## शातिर बाइक चोर गिरफ्तार चोरी की सात गाड़ियां जब्त

**खरगोन, निप्र।** सनावद थाना पुलिस ने 20 मार्च को भरे बाजार से चोरी हुई बाइक की गुत्थी सुलझाते हुए शातिर बाईक चोर को गिरफ्तार किया है। बदमाश के कब्जे से पुलिस ने 7 बाईकें जब्त की है। यह बाईकें सनावद सहित मांधाता थाना से चुराई गई थी।

पुलिस के अनुसार भवानी रोड टवडीपुरा निवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 20 मार्च को देर शाम उसकी बाईक क्रमांक एमपी 10एमडब्ल्यू 3707 भरे बाजार से चोरी हो गई। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरु की। संभावित रास्तों के सीसीटीव्ही फुटेज खंगाले गए। इसमें संदेही जिला खंडवा के थाना मांधाता क्षेत्र के रहने वाले छोटेलाल पिता तोताराम वास्कले को हिरासत में लिया। पूछताछ में छोटेलाल ने बाईक चोरी करना स्वीकार किया। चोरी की गई बाईक ग्राम जुनापानी फॉरेस्ट के जंगल में झाड़ियों में छुपा कर रखी थी। आरोपी की निशानदेही पर जंगल में दबिश दी, जहां से 7 बाईके जब्त की गई। छोटेलाल का अपराधिक रिकार्ड चेक करने पर उस पर पूर्व से चोरी के 15, आर्म्स एक्ट के 02 व आबकारी एक्ट का 1, इस प्रकार कुल 19 अपराध



दर्ज होना पाया गया। कार्रवाई में बाईक क्रमांक एमपी 10 एमएक्स 8595, एमपी 10 एमडब्ल्यू 3707, एमपी 13 ईटी 9856, एमपी 10 झेडडी 6569, एमपी 10 एमएक्स 8595, एमपी 10 एमडब्ल्यू 3707 और एमपी 10 झेडडी 6569 जब्त की गई।

## श्रीराम जन्मोत्सव चल समारोह निकाला



**महेश्वर, निप्र।** रामनवमी के पावन अवसर पर नगर की संस्था राम संकल्प तथा सकल हिंदू समाज के नेतृत्व में भगवान राम की पालकी यात्रा उत्साह और धूमधाम के साथ निकली शाम 5 बजे नगर के भवानी माता चौक पर सभी श्रद्धालु एकत्र हुए इस अवसर पर मंडलेश्वर से भगवान राम के विग्रह धूमधाम से ले गए।

माता भवानी से भगवान राम के मिलन पश्चात जल समारोह निकाला गया जो जय स्तंभ चौराहा, एमजी रोड गांधी चौक ,गोपाल मंदिर मार्ग होते हुए राम मंदिर पहुंचा जहां समारोह का भव्य स्वागत किया गया वहीं श्री रणजीत हनुमान मंदिर परिसर में नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि गजराज यादव एवं पार्षदों के द्वारा भगवान राम की पूजा अर्चना की गई । केवट समाज द्वारा भगवान राम के चरण पखारे गए कहार समाज के युवाओं द्वारा भगवान राम की पाल की को कंधा देते हुए राम मंदिर तक पहुंचाया गया। यात्रा राम मंदिर परिसर में रात 8:00 बजे पहुंची जहां पर विशाल काकड़ आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया । इस अवसर पर कई श्रद्धालुओं ने जय जय सियाराम के नारे लगाते हुए आतिशबाजी करते हुए भगवान राम का जन्म उत्सव मनाया । विदित हो कि शुक्रवार की सुबह भगवान राम के जन्म उत्सव पर मंदिर परिसर में विशाल भंडारा भी हुआ।

**एक नजर में** — जय श्री राम के जयकारों से गूंजा नगर, शोभा यात्रा का जगह जगह सामाजिक संगठनों ने मंच लगाकर अगुवाई की

# रामनवमी पर देर रात तक निकली भगवान श्रीराम की भव्य शोभा यात्रा

**नवभारत न्यूज**

**बड़वाह, निप्र।** रामनवमी के अवसर पर शुक्रवार शाम को नागेश्वर मंदिर परिसर से श्री राम जन्मोत्सव समिति के तत्वाधान में धूमधाम से भव्य शोभा यात्रा निकली।

शुरुआत नागेश्वर मंदिर से भगवान श्री राम जी का सुसज्जित डोले का पूजन अर्चन सुंदरधाम आश्रम के गादीपति श्री श्री 1008 बालकदास जी महाराज के सानिध्य गोपाल मंदिर के गादीपति महंत श्री हनुमान दास महाराज नपाध्यक्ष राकेश गुप्ता पंडित अखिलेश गौतम सुनील नामदेव यात्रा प्रभारी निशांत सोनी गोलू लखन परिहार डेसा मेराना प्रवीण छोटू बैरागी रितेश कौशल अजय लखन सत्री कुवादे लक्की राव पप्पू शाह अंकुश विश्वकर्मा के साथ समाजसेवी संगठन ने भगवान श्री राम जी की पूजन आरती के साथ की।

**भजनों की प्रस्तुति पर थिरके भक्त:-** शोभायात्रा में भजन गायक ओमप्रकाश पटेल ने भजनों की प्रस्तुति देकर भक्तों को थिरकने पर मजबूर कर दिया। वहीं शोभायात्रा में भगवान श्रीराम को डोले में



विराजमान कर नगर भ्रमण कराया गया। यात्रा में शामिल युवतियों ने साफा बाँधकर श्री रामजी के उदघोष लगाए। शोभायात्रा के दौरान सेवा म्यूजिकल ग्रुप धामनोद द्वारा शानदार भजनों की प्रस्तुति दी गई। उनके साथ ही विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की दुर्गावाहिनी की संयोजिका नीलम कौशल स्वाति के नेतृत्व कलाकारों द्वारा हेरात अंग्रेज कलाबाजी का करतब दिखाए गए ।शोभायात्रा में बाहुबली हनुमान नटखट हनुमान भगवान श्री राम लक्ष्मण राधा श्रीकृष्ण की चलित झाकी इंदौर के कलाकारों ने भजनों की धुन पर सड़क मार्ग पर थिरकते हुए श्रद्धालुओं को मोबाइल से सेल्फी लेने को विवश कर दिया। साथ ही बैंड बाजे, डीजे, डोल ताशे, घोड़े, बग्गी यात्रा में शामिल थे। शोभायात्रा के दौरान एक चलित हवन कुंड में गुग्गुल प्रज्ज्वलित किया जा रहा था, जिससे पूरा मार्ग सुगंधित हो गया। शोभायात्रा का पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया। इस दौरान राकेश गुप्ता मित्र मंडल महिम ठाकुर भाजपा नगर मंडल, सर्व ब्राह्मण समाज अनिल राय मित्र मंडल नगर हिन्दू संगठन विजय सोनी मित्र मंडल राठौड़ समाज बोहरा समाज जूनियर नगर हिन्दू संगठन क्षत्रिय राजपूत समाज बड़वाह संतोष चंद्रवंशी अग्रवाल समाज सिख समाज दीपक ठाकुर मित्र मंडल डॉ अजय मालवीय साईं हॉस्पिटल ग्रुप बड़वाह सहित अन्य सामाजिक, धार्मिक राजनैतिक संस्थाओं ने शोभायात्रा का पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया।

**बग्गी में आसीन श्री महंत ने भक्तों को दिया आशीर्वाद:-** शोभायात्रा में बग्गी पर आसीन गोपाल मंदिर के महंत हनुमानदास जी महाराज का भक्तों ने जगह-जगह स्वागत सम्मान किया और महंत श्री भक्तों को आशीर्वाद देते चल रहे थे। शोभायात्रा नागेश्वर मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न मार्गों से होकर पुन: नागेश्वर मंदिर पहुंची। जहां रात्रि 12 बजे भगवान श्रीराम जी की महाआरती के बाद शोभायात्रा का समापन हुआ।